प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.03.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

बजट वैबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश का विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने का संकल्प स्पष्ट है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए सरकार ने किसानों को गौरव का स्थान दिया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उल्लेख करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक किसानों को लगभग चार लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने केंद्रीय बजट में 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' की घोषणा की है, जिसके तहत देश में सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले 100 जिलों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्तमान में कृषि उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उत्पादन 26 दशमलव पांच करोड टन से बढ़कर 33 करोड टन से अधिक हो गया है।

वित्त मंत्री

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि प्रौद्योगिकी के कुशल उपयोग के कारण सरकार द्वारा जनता से संग्रहित कर का आज बेहतर प्रबंधन किया जा रहा है। उन्होंने आज नई दिल्ली में 49वें सिविल लेखा दिवस समारोह में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल इंडिया पहल से यह सुनिश्चित कर रही है कि सरकारी सेवाएं नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध कराई जा सकें। वित्त मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से 60 करोड़ लाभार्थियों को पारदर्शिता के साथ सेवा प्रदान की जा रही है।

रजनी पाटिल

प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर मंथन का आज दूसरा दिन है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल इसी सिलसिले में शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संगठन के गठन को लेकर बैठकें कर रही हैं। इस दौरान कांग्रेस विधायकों व पदाधिकारियों से कार्यकारिणी को लेकर सुझाव लिए जा रहे हैं। सभी से चर्चा के बाद रजनी पाटिल दिल्ली में हाईकमान को रिपोर्ट सौंपेंगी, जिसके बाद नई कार्यकारिणी का ऐलान होगा।

मौसम

पिछले तीन दिन हुई भारी वर्षा व हिमपात के बाद आज अधिकतर क्षेत्रों में मौसम में सुधार हुआ है और हल्के बादलों के बीच धूप खिली। बर्फबारी व वर्षा के चलते राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और इसे पटरी पर लाने के प्रयास जारी है। मौसम के साफ होने के चलते आज प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी व बंद पड़ी सड़कों को खोलने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता।

प्रदेश में भारी बर्फबारी व वर्षा के बाद अभी भी कई जगहों पर जनजीवन पटरी पर नहीं लौटा है। बर्फबारी व भूस्खलन की घटनाओं से राज्य में पांच राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित साढ़े पांच सौ से अधिक सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं। इसके अलावा दो हजार 2 सौ 63 बिजली ट्रांसफार्मर व 2 सौ 70 से अधिक पानी की योजनाएं प्रभावित हुई हैं। हालांकि आज मौसम साफ होने के चलते बिजली, पानी व यातायात को बहाल करने के कार्य में विभागों द्वारा तेजी लाई गई है। कुछ जिलों में भूस्खलन व ग्लेशियर खिसकने की घटनाओं से घरों व वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। लाहौल स्पीति, किन्नौर, पांगी, भरमौर व डोडरा क्वार का संपर्क शेष विश्व से कटा हुआ है। मौसम की स्थिति को देखते हुए किन्नौर व लाहौल स्पीति जिले के अलावा चंबा के पांगी और कुल्लू जिला के मनाली, बंजार सहित कुल्लू उपमंडल के शिक्षण संस्थानों में आज अवकाश घोषित किया गया है। हालांकि ये हिमपात व वर्षा कृषि व बागवानी के लिए बेहतर मानी जा रही है। मौसम विभाग की माने तो अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम के सामान्य बने रहने के आसार हैं।

रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

पासपोर्ट नियम

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट संबंधी नियमों में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार 1 अक्टूबर 2023 या उसके बाद पैदा हुए पासपोर्ट आवेदकों के लिए उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म तिथि का एकमात्र प्रमाण होगा। पासपोर्ट नियम–1980 में संशोधन को जारी करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है।